<u>संदेश</u>

नव वर्ष के अवसर पर, देश व विदेश में बसे सभी भारतीयों को मैं हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

हर नया साल, एक नई शुरुआत करने का अवसर होता है और व्यक्तिगत एवं सामूहिक विकास के हमारे संकल्प को बल देता है।

कोविड-19 से उत्पन्न संकट का यह समय, हम सभी के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का समय है। यह, उन सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी समय है जो विविधता में एकता के हमारे जीवन-दर्शन को मजबूत करते हैं।

नव वर्ष 2021 की पूर्व संध्या पर आइए, हम सब मिलकर प्रेम, करुणा और सहिष्णुता की भावना से एक ऐसा समावेशी समाज बनाने की दिशा में काम करें जहां शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले।

मेरी कामना है कि आप सभी स्वस्थ एवं सुरक्षित रहें और नई ऊर्जा के साथ देश की प्रगति के अपने साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें।